- केस फाइल्स 6.0 (15 फरवरी 2022) – क्लब ने छात्रों के विश्लेषणात्मक और आलोचनात्मक चिंतन कौशल को आकर्षित करने के लिए एक अंतर–महाविद्यालयी केस स्टडी चुनौती का आयोजन किया। इसमें दो चक्र शामिल थेः अर्हताकारी ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी चक्र और केस स्टडी चक्र। इन चक्रों में, प्रतिभागियों को वास्तविक जीवन के उद्योग परिदृश्यों का परीक्षण करने के लिए अपनी विपणन रणनीतियों को रखने का अवसर प्रदान किया गया। विचारों का उनकी विशिष्टता, व्यवहार्यता, मुद्दों की गहन समझ और विश्लेषण की गहराई के आधार पर मूल्यांकन किया गया। केस स्टडी का एमबीए ट्रेक के सहयोग से आयोजन किया गया था।
- सीधी बात (27 फरवरी 2022) – इस अतिथि संवाद कार्यक्रम ने छात्रों को उद्योग दिग्गजों के साथ सीधे अंतरक्रिया करने का अवसर प्रदान किया। इस वर्ष के ''सीधी बात'' कार्यक्रम में पैनल चर्चा और उसके बाद छात्र अंतरक्रिया के लिए एक प्रश्नोत्तर चक्र के लिए चार सम्मानित अतिथियों और एक विशेषज्ञ प्रोफेसर को आमंत्रित किया गया था। इसका विषय ''प्रभावी संचार के माध्यम से विघटनकारी नवाचार का मार्ग प्रशस्त करना'' था।
- समर्थ (13 मार्च 2022) – हितधारकों के दृष्टिकोण से संवहनीय विपणन समाधान खोजने के लिए एक अंतर–महाविद्यालयी केस स्टडी पूरी की गई। इस कार्यक्रम में दो चक्रो, अर्हताकरी प्रश्नोत्तरी चक्र और केस प्रस्तुति चक्र का आयोजन किया गया था।
- विपणन वर्कशॉप (14–15 मार्च 2022) – ग्रोथएकेड के सहयोग से 'डिजिटल और वृद्धि विपणन' और 'डेटा विश्लेषण' पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- मंत्रा बाइट्स – वह वीडियो श्रृंखला जिसके माध्यम से वरिष्ठ बैच के छात्रों ने अपने ग्रीष्मकालीन प्रशुक्षता नियोजन की तैयारी में कनिष्ठ बैच कामार्गदर्शन करने के लिए अपने नियोजन अनुभव को साझा किया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों के बीच जुड़ाव बढ़ाने के साथ–साथ परिसर में साथी शिक्षा के वातावरण का निर्माझा करना था!
- मंत्र मिरर – छात्रों को विपणन जगत की वर्तमान घटनाओं से अवगत रखने के लिए, यह एक मासिक समाचार पत्र है जिसमें दुनिया भर के लेखों और विपणन समाचारों का उद्धरण शामिल होता है।
- जुड़ाव समूह – विभिन्न सोशल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म पर ज्ञान सहभाजन समूह हैं जहां छात्र विचारों और विपणन से संबंधित समाचारों और विचारों का आदान–प्रदान कर सकते हैं। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को विपणन उद्योग में वर्तमान घटनाओं से अवगत कराना था।
- सीएपी साक्षात्कार मार्गदर्शन सत्रः प्रवेश समिति की बेल द कैट टिप्स सेशन के सहयोग से, विपणन क्लब ने संभावित छात्रों को उनके सीएपी साक्षात्कारों के लिए सलाह देने, मार्गदर्शन करने और सहायता देने के लिए फेसबुक पर एक सत्र का आयोजन किया।

11.1.6 ओपीईपी (परिचालन क्लब)

भा.प्र.सं. रायपुर का परिचालनएवं आपूर्ति श्रृंखला क्लब भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर का सबसे पुराना क्लब है। इस क्लब का उद्देश्य परिचालन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन क्षेत्र में छात्रों के बीच रुचि पैदा करना और विकसित करना है। ओपीईपी के सदस्य विभिन्न कार्यक्षेत्र–विशिष्ट गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को सक्रिय रूप से सहभागी बनाकर सुनिश्चित करते हैं कि वे वर्तमान रुझानों के साथ अपना तालमेल रखने के लिए अपना ज्ञान सशक्त बनाने के अलावा उससे मूल्य प्राप्त करें।

कार्यक्रम

- क्विज – ओपीएस (29 अक्टूबर 2021): यह प्रश्नोत्तरी परिचालन प्रबंधन अवधारणाओं और परिचालन में वर्तमान प्रवृत्तियों पर आधारित थी। इस आयोजन का उद्देश्य भा.प्र.सं. रायपुर के छात्रों को परिचालन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन की दुनिया में मौजूदा रुझानों से जोड़ना था।
- ओपीएस परिचालन परिचालन– एसटीआरएटी (5 दिसंबर 2021): इस कार्यक्रम का पहला चक्र एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी था जिसमें प्रमुख बी–स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया और शॉर्टलिस्ट की गई टीमें फाइनल चक्र में पहुंचीं, जहाँ उन्हें समयोचित केस स्टडी और परिचालन दिग्गजों के सामने उसे प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया।
- सीवाईसीएल–ओपीएस (3 जनवरी 2022): सिमुलेशन वातावरण में परिचालन के तकनीकी पहलू के बीच अंतः संबंध बढ़ाने के लिए ऑनलाइन परिचालन प्रश्नोत्तरी और सिमुलेशन गेम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दो चक्रों में आयोजित किया गया। पहला प्रश्नोत्तरी और उन्मूलन चक्र था, जिसके बाद आखिरी चक्र, सिमुलेशन चक्र था।
- लेट्स टॉक ओपीएस (9 जनवरी 2022): यह कार्यक्रम छात्रों की हालिया परिचालन रुझानों के संबंध में ज्ञान प्राप्त करने में सहायता करने के लिए आयोजित किया गया था। हमने अपने मुख्य अतिथि संदीप चटर्जी (डेलॉइट के निदेशक –उभरती प्रौद्योगिकियां) की सगर्व उपस्थिति में ''उद्योग 4.0 के माध्यम से स्वचालन से बुद्धिमत्ता में परिवर्तन'' विषय पर ओपीएस टॉक का कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें हमने उद्योग विशेषज्ञ के साथ सार्थक संवाद का मंच उपलब्ध कराया।
- ओपीएस – एशेंसिया। (4 फरवरी 2022): इस कार्यक्रम का पहला चक्र एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी था जिसके बाद केस–स्टडी प्रस्तुति थी, जिसमें प्रमुख बी–स्कूलों के छात्रों को वास्तविक दुनिया की समस्याओं का व्यावहारिक समाधान सूझने के लिए सदियों पुरानी अवधारणाओं और सामने आने वाले हालिया उद्योग के रुझानों के बीच सही संयोजन का पता चला।
- ओपीएस कोजीटेट (17 फरवरी 2022): यह वार्षिक प्रबंधन उत्सव 'कर्मांता' के लिए परिचालन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में बुनियादी सिद्धांतों के अनुप्रयोग का परीक्षण करने के लिए आयोजित की गई एक राष्ट्रीय स्तरीय केस स्टडी प्रतियोगिता थी। इस आयोजन का पहला चक्र एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी था जिसमें प्रमुख बी–स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। शॉर्टलिस्ट की गई टीमें फाइनल चक्र में पहुंचीं, जिसमें उन्हें समयोचित केस स्टडी और परिचालन दिग्गजों के सामने उन्हें प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया।
- लेट्स प्ले ओपीएस (25 फरवरी 2022): यह वार्षिक प्रबंधन उत्सव 'कर्मांता' के लिए परिचालन और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में बुनियादी सिद्धांतों के अनुप्रयोग का परीक्षण करने के लिए आयोजित की गई एक राष्ट्रीय स्तरीय सिमुलेशन गेम चुनौती था। इस कार्यक्रम में सिमुलेशन वातावरण में परिचालन के तकनीकी पहलुओं के बीच अंतः संबंध स्थापित करने के लिए एक ऑनलाइन सिमुलेशन गेम शामिल था।

- लेट्स टॉक ओपीएस (12 मार्च 2022): आपूर्ति श्रृंखला कार्यक्षेत्र में उद्योग विशेषज्ञों से लाइव अंतरक्रियात्मक सत्र भा. प्र.सं. रायपुर में अधिगम अनुभव का एक अभिन्न भाग है। परिचालन और आपूर्ति श्रृंखला क्लब स्पष्ट रूप से परिभाषित लक्ष्यों के साथ इन अंतरक्रियाओं, उद्योग भ्रमणों और परियोजनाओं के माध्यम से छात्रों के क्षितिज को व्यापक बनाने की सुविधा प्रदान करता है। इस वर्ष हमने "आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में डिजिटल पहल" विषय पर अतिथि वक्ता के रूप में श्री बलप्रीत सिंह (रिलायंस इंडस्ट्रीज के एवीपी – डिजिटल परिवर्तन पहल) की मेजबानी की।
- आइसिया – प्रमाणनः ओपीईपी प्रमाणन कार्यक्रम, अतिथि व्याख्यान और केस स्टडी प्रतियोगिताओं के आयोजन में आइसिया (अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला शिक्षा गठबंधन) के साथ समन्वय करता है। इन गतिविधियों का समन्वय करने के लिए एक छात्र राजदूत नियुक्त किया गया है।
- आई–ओपीएसः परिचालन और आपूर्ति श्रृंखला कार्यक्षेत्र में ज्ञान प्रदान करने के लिए लघु प्रश्नोत्तरियों की श्रृंखला है। इन प्रश्नोत्तरियों का उद्देश्य वास्तविक जीवन के परिदृश्यों के साथ ओपीएस अवधारणा को स्पष्ट करना है। प्रश्नोत्तरियों का सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आयोजन किया गया था।

11.2 गैर–शैक्षणिक क्लब

11.2.1 कर्तव्य

कर्तव्य भा.प्र.सं. रायपुर का सीएसआर क्लब है। यह क्लब छात्रों का समाज में सकारात्मक बदलाव लाने काएक संयुक्त प्रयास है, चाहे वह पर्यावरण के संरक्षण के लिए हो या सामुदायिक विकास और भागीदारी के लिए हो। इस क्लब के एक भाग के रूप में, छात्रों में समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है। साथ ही यह उनमें टीम में काम करने और कठिन स्थितियों को आसानी से संभालने की भावना पैदा करता है। सीएसआर गतिविधियों के माध्यम सेछात्र अपने आपको समाज और उससे संबंधित मुद्दों से जोड़ते हैं। एक प्रतिष्ठित बिजनेस स्कूल के नवोदित प्रबंधकों और उभरते प्रमुखों के रूप में, छात्र सीमित संसाधनों, लेकिन अविचल इच्छाशक्ति के साथ बेहतर तरीके से समाज की सेवा करने के लिए अनुकूलत समाधान सूझते हैं।

कार्यक्रम

- प्रतिज्ञा (20 सितंबर 2021) – भा.प्र.सं. रायपुर के नवोदित प्रबंधकों की नैतिक भावना को प्रज्वलित करने के लिए एक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। छात्रों ने अपने आपसे यह वादा करते हुए शपथ ली, कि वे नैतिक, सामाजिक रूप से जिम्मेदार और उद्योग के संवहनीय उद्देश्यों के अनुरूप निर्णय लेते हुए जिम्मेदार और जवाबदेह प्रबंधक बनेंगे।
- दान उत्सव (26–28 अक्टूबर 2021): दान उत्सव जो हमारे पास है उसमें से कुछ उन लोगों को देकर उन सभी के लिए आभार प्रकट करने का त्योहार है, जिन्हें हमसे ज्यादा इसकी जरूरत है। भा.प्र.सं. रायपुर के छात्रों ने दान अभियान में भाग लिया जिसमें उन्होंने भोजन, कपड़ों, पुसतकों आदि का दान किया।
- उत्तरदायित्व (10 जनवरी 2022) – भारत भर के छात्रों के लिए एक अंतर महाविद्यालयी केस स्टडी प्रतियोगिता था जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी पसंद के स्टार्टअप के लिए सीएसआर गतिविधियों का विचार प्रस्तुत किया।
- सहारा (17– 22 जनवरी 2022): दान अभियान जिसमें भा.प्र.सं. रायपुर के स्नातक छात्र छात्राावास छोड़ने से पहले अपनी पुस्तकों, कपड़ो, पर्दों, जूतों, कंबलों आदि का दान करते हैं।
- सफरनामाः एक सतत साक्षात्कार श्रृंखला है जिसमें कर्तव्य सदस्य गैर–सरकारी संगठनों के संस्थापकों का साक्षात्कार लेकर उनके दृष्टिकोण को समझने और उनसे सीखने की कोशिश करते हैं।
- काव्यांजलि (25 फरवरी 2022) – यह एक अंतर–महाविद्यालयी कविता पाठ प्रतियोगिता थी जिसे छात्रों के लिए विभिन्न सामाजिक मुद्दों के संबंध में सोचने और अपनी भावनाओं को आवाज देने के लिए आयोजित किया गया था।
- समाधान (26 फरवरी 2022) – यह अंतर–महाविद्यालयी पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता था जिसमें प्रतिभागियों को एक समस्या कथन दिया गया जिसकोहनल करने के लिए उन्होंने अपने विचारों का प्रस्ताव करते हुए एक पोस्टर डिजाइन किया।
- दास्तान (27 फरवरी 2022) – यह एक अंतर–महाविद्यालयी स्टैंडअप प्रतियोगिता था जिसमें प्रतिभागियों ने एक सामाजिक मुद्दे के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के लिए एकालाप, भूमिका निर्वाह, संगीत आदि का प्रदर्शन किया!
- अभिवृद्धि (17 मार्च 2022) – भा.प्र.सं. रायपुर के छात्रों को ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के माध्यम से समाज के किसी भी वर्ग द्वारा सामना किए जाने वाले मुद्दों या समस्याओं की पहचान करने और उसके लिए सर्वोत्तम कार्रवाई खोजने का अवसर दिया गया।

11.2.2 पिक्सेल

भा.प्र.सं. रायपुर का डिजिटल मीडिया क्लबः पिक्सेल भा.प्र.सं. रायपुर का आधिकारिक फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कवरेज निकाय है। यह रचनात्मक डिजिटल संचार में नए क्षेत्रों और बदलते रुझानों की पड़ताल करता है। यह भा.प्र.सं. रायपुर में आयोजित किए जाने वाले 'कर्मांता' जैसे कार्यक्रमों और उत्सवों को कवर करने के लिए उत्तरदायी है। इसके अलावा, यह ग्राफिक डिजाइनिंग, विचारण और उत्पाद बिक्री में भी है।

कार्यक्रम

- पिक्सेल–ओ–हंट (05–11–2021)– एक ऑनलाइन ट्रेजर हंट कार्यक्रम था। भागीदारी करने वाली टीमों को सुराग ढूंढना और उसकी तस्वीरें क्लिक करना था, जिसके बाद कोलाज बनाना और कहानी सुनाना था। इस कार्यक्रम को जज के रूप में प्रोफेसर हिमांशु एस श्रीवास्तव ने सुशोभित किया और प्रतिभागियों को लीक से हटकर चिंतन और कथन कौशल का मूल्यांकन कर तद्नुसार पुरस्कृत किया गया।
- दृश्यम(11 / 02 / 2022 से 27 / 02 / 2022) – ''दृश्यम'' कार्यक्रम भा.प्र.सं. रायपुर के उत्सव ''कर्मांता'' के एक भाग के रूप में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में 2 चक्र शामिल थे। पहला चक्र फोटोग्राफी चक्र था। दूसरा चक्र पोस्टर निर्माण का था। प्रतिभागी किसी फिल्म या किसी श्रृंखला के निदेशक थे और उन्हें कहानी के संबंध में निर्णय लेना और 200–300 शब्दों में फिल्म के सारांश के साथ एक पोस्टर बनाना था।
- पिक्सेलेंस 2.0 (01 / 03 / 2022 से 05 / 03 / 2022) – प्रतिभागियों ने हमें दिए गए विषयों– विंटेज, मैक्रो और आर्किटेक्चर में से एक विशय पर तस्वीर भेजी। सभी को कई तस्वीरों के माध्यम से प्रतिभागियों की विविधतापूर्ण विषय प्रस्तुति को देखने का अवसर मिला। जज द्वारा सर्वश्रेष्ठ तस्वीर का चयन किया गया। भाग लेने वाले लोगों को अपने फोटोग्राफी कौशल के संबंध में अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच मिला।
- एड–वर–टाइज 3.0 (07 / 03 / 2022 से 12 / 03 / 2022) – एड–वर–टाइज 3.0 विज्ञापन की वीडियो बनाने की प्रतियोगिता था जिसमें प्रतिभागी कम से कम 3 सदस्यों और अधिकतम 5 सदस्यों की एक टीम में भाग ले सकते थे, और ई–कॉमर्स उद्योग से संबंधित किसी भी मौजूदा उत्पाद को चुन सकते थे और अधिकतम 3 मिनट का वीडियो सूझ सकते थे। प्रतिभागियों को वीडियो बनाने मेंयथासंभव रचनात्मक होना था। उन्हें उत्पाद के लिए अभिनव टैगलाइन भी सूझना चाहिए था। इसने उन्हें विपणनकर्ता के दृष्टिकोण से देखते हुए रचनात्मकता लाते हुए अपना वीडियो–निर्माण कौशल और विभिन्न विज्ञापनों के संबंध में अपनी समझ प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया, और उन्हें कड़ी प्रतिस्पर्धा में अपने अभिनव कौशल को उजागर करने में सक्षम बनाया।

11.2.3 प्रकृति

प्रकृति क्लब का मिशन पर्यावरण और संवहनीय जीवन के महत्व के संबंध में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना है। जैव विविधता में सभी संवेदन समर्थ प्राणियों के मूल्य के संबंध में जागरूकता बढ़ाना है। भविष्य की पीढ़ियों के लिए बेहतर धरती बनाने और सभी लोगों के लिए पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली के लिए नए विचारों पर ध्यान केंद्रित करना है।

NOVEMBER 2021

AURAE

OFFICIAL NEWSLETTER OF PRAKRITI -THE ECO CLUB OF IIM RAIPUR

World Heritage forests releasing more carbon than they absorb: UNESCO

World Heritage Forests: Carbon Sinks Under Pressure, a recent report, shows that instead of helping to prevent global warming, some of the world's most important forests actually contribute to total CO2 emissions.

As a result of wildfires, deforestation, and global warming, the first scientific experiment of greenhouse gases in the UNESCO World Heritage List has identified other forests, such as the Yosemite National Park in the United States and the Rio Platano Biosphere Reserve in Honduras. , they emitted more carbon than they had accumulated since the turn of the millennium.

Morro Bay seagrass loss causes change in fish populations

In Morro Bay, the loss of seagrass habitat resulted in a drastic shift in fish species. Flatfish that like the murky seafloor have taken over areas that were formerly home to rich seagrass meadows and rare fish species. Flatfishes like the speckled sanddab and staghorn sculpin have increased in quantity, while seagrass-specialist fish species have declined. For species that rely on seagrass, the loss of eelgrass habitat along the California coast is an issue.

What would the world look like at 1.5C, 2C and 3C?

Half a degree might not sound like a lot when you're relaxing in the sun, but it could have huge and potentially catastrophic effects on our global climate.

Right now the world is on average at least 1.1C warmer than it was at the end of the

कार्यक्रम

- औराः प्रकृति का एक मासिक समाचार पत्र है जिसमें पर्यावरण, जलवायु, नवाचार और दुनिया भर में वर्तमान घटनाओं से संबंधित समाचार शामिल होता है।
- ईको—व्यूः महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं पर प्रकाश डालने के लिए प्रकृति क्लब द्वारा प्रकाशित अर्ध—वार्षिक पत्रिका है।
- संदेशः ''एकल उपयोग वाली प्लास्टिक'' विषय पर आधारित एक डिजिटल विज्ञापन—निर्माण प्रतियोगिता है, जो पर्यावरणीय संवहनीयता के संबंध में जागरूकता फैलाने पर केंद्रित है।
- इको—कल्टः व्यवसाय योजना प्रस्तुति प्रतियोगिता है जिसमें वास्तविक जीवन में समाधान लाना शामिल है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को उद्योग विशेषज्ञों के सामने वास्तविक जीवन के मामलों का समाधान प्रस्तुत करने का अवसर देना है।
- इको अमिका दिवालीः इको क्लब ने इस वर्श पर्यावरण अनुकूल दिवाली का प्रचार—प्रसार किया। दीवाली को पर्यावरण अनुकूल तरीके से मनाने और पटाखों और प्रदूषण फैलाने वाली अन्य चीजों से बचने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया—
- चैट विद नेचरः एक वीडियो प्रस्तुति प्रतियोगिता है जिसमें प्राकृतिक तत्वों को वास्तविक जीवन में लाना शामिल है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विभिन्न पर्यावरणीय खतरों के संबंध में लोगों में जागरूकता पैदा करना और छात्रों को वास्तविक जीवन की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करने का अवसर देकर प्रकृति के तत्वों के संबंध में बात करना था।
- एन्वायरन अलायंसः पर्यावरण और उसके संरक्षण और रखरखाव के लिए निर्धारित नीतियों के संबंध में छात्रों के ज्ञान की जांच करने के लिए पर्यावरण से संबंधित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता है।
- मीम आईटीः मजेदार तरीके से जागरूकता पैदा करने के लिए मीम प्रस्तुति प्रतियोगिता है।
- रिसाइक्लोमैनियाः अपशिष्ट से सर्वश्रेश्ठ प्रतियोगिता है, जिसमें छात्रों को कुछ सरल लेकिन असाधारण बनाने के लिए बेकार और फेंकी गई वस्तुओं का उपयोग कर निर्माण करने की अपनी कला का एक छोटा वीडियो/क्लिप जमा करना होता है।
- ब्रीज स्लीट एंड एक्शनः एक प्रहसन प्रतियोगिता है जिसमें प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मकता स्वयं प्रदर्शित करने का अद्भुत अवसर दिया गया। छात्रों को ''रचनात्मकता'' (जैसे, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, समुद्री जीवन पर प्रहसन) का तत्व लागू कर एक सामान्य विषय, ''प्रकृति और पर्यावरण'' का पालन करते हुए एक प्रहसन/नाटक का प्रदर्शन करना था।
- सोशल मीडिया हैंडलः नवाचार, पर्यावरण दिवस, तथ्य, समाचार, पर्यावरण समाचार, ब्लॉग, वाद—विवाद आदि डालना।
- पर्यावरण दिवसः तथ्यों और अपने तरीके से प्रकृति में सुधार लाने के तरीकों के साथ पर्यावरण दिवस मनाना और पर्यावरणीय संसाधनों का उपयोग करते हुए संवहनीयता और लोगों की भूमिकाओं और जिम्मेदारी को बढ़ावा देना।



11.2.4 प्रोवक्ता

भा.प्र.सं. रायपुर के सार्वजनिक भाषण क्लबप्रोवक्ता ने कर्मांत के दौरान आयोजित एक अन्य कार्यक्रम के अलावा शैक्षणिक वर्ष 2021–22 के दौरान तीन अलग–अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया।

कार्यक्रम

- माइकोड्रॉप (30 अक्टूबर 2021): माइक्रोड्रॉप प्रोवक्ता द्वारा आयोजित किया गया पहला कार्यक्रम था। यह वह कार्यक्रम था जिसमें प्रतिभागियों की भाशण क्षमता, वार्ता कौशल, गैर–मौखिक संचार और समग्र प्रस्तुति कौशलों का परीक्षण किया गया। यह एक वार्ता भूमिका अदायगी कार्यक्रम था जिसमें दो दलों को एक दूसरे के विरूद्ध प्रतिस्पर्धा करनी थी और एक वार्ता भूमिका निभाना था। इस कार्यक्रम से पहले प्रत्येक दल को एक स्थिति दी गई। प्रतिभागियों को वास्तविक जीवन के संघर्षों को अनुभव करने और अपनी बात सिद्ध करने के लिए अपने विश्वासोत्पादक कौशलों का प्रदर्शन करने के लिए अपने संबंधित दलों के साथ योजना बनाना, रणनीति बनाना और सहयोग करना था।
- तरकश (29 जनवरी 2022): तरकश देश के सभी बी–स्कूलों में आयोजित एक अंतर–महाविद्यालय प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम था, जिसमें प्रतिभागियों के साहित्य, भाषा और पठन कौशल का परीक्षण किया गया।
- क्रॉनिकल्स (25 फरवरी 2022): क्रॉनिकल्स दो चक्रों का कार्यक्रम था। पहले कार्यक्रम में एक वर्णन चक्र शामिल था, जिसमें से शीर्ष 15 ने अगले चक्र के लिए अर्हता प्राप्त की। अंतिम चक्र में, प्रतिभागियों को एक कहानी के अलग–अलग अंत दिए गए और अंत के आधार पर प्रतिभागियों को एक कहानी सुनानी थी।
- केरफफल (14 मार्च 2022): केरफफल भाषण अभिनय कार्यक्रम था जिसमें प्रतिभागियों को अपने आपको प्रसिद्ध हस्तियों के स्थान पर रखने और उनके लहजे में एक नए दृष्टिकोण के साथ एक प्रतिष्ठित भाषण देने का अवसर दिया गया।

11.2.5 प्रश्नोत्तरी क्लब

प्रश्नोत्तरी क्लब की स्थापना छात्रों को व्यवसाय के गैर–शैक्षणिक पहलुओं में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी ताकि छात्रों को दुनिया भर की नवीनतम गतिविधियों के साथ तालमेल रखते हुए अपने करियर को उच्च स्तर की ओर ढालने का अवसर मिले। इसके अलावा, प्रश्नोत्तरी क्लब शैक्षणिक वर्ष 2021–22 में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर बी–स्कूलों और अन्य स्नातक स्कूलों में प्रश्नोत्तरी संस्कृति को विकसित करने का प्रयास कर रहा है।

कार्यक्रम

- पल्स (6 नवंबर 2021) – कई विषय क्षेत्रों–व्यवसाय, खेलकूद, संस्कृति, मनोरंजन, साहित्य – आदि से संबंधित प्रश्नों के साथ एक सामान्य प्रश्नोत्तरी था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. धनंजय बापट थे।
- इग्नाइट 2के22 (21 जनवरी 2022) – अपना औद्योगिक और प्रासंगिक बाजार ज्ञान प्रदर्शित करने के लिए आने वाले व्यवसाय स्नातकों के लिए व्यवसाय–विषय वाली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता था जिसकी शोभा हमारे मुख्य अतिथि और जज प्रो. सौर्य जॉय डे की उपस्थिति ने बढ़ाई।
- इग्नाइट एक्स (24–25 फरवरी 2022) (कर्मांता कार्यक्रम) – भा.प्र.सं. रायपुर के प्रबंधन उत्सव – कर्मांता 2022 – की छत्रछाया तले आयोजित किया गया यह कार्यक्रम 90 के दशक के सभी बच्चों के लिए अतीत के लिए लालायित सैर के लिए 90 के दशक के विषय पर आधारित प्रश्नोत्तरी था जिसका डी2सी और जूम वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में शीर्ष बी–स्कूलों के साथ–साथ इंजीनियरिंग और कला महाविद्यालयों से भी 300 से अधिक प्रतिभागियों को आमंत्रित किया था। इस कार्यक्रम में 10,000रुपये का नकद पुरस्कार शामिल था। इस कार्यक्रम के मानद अतिथि प्रोफेसर शांतनु भद्र थे।
- क्विज–ओ–पीडिया– एक मासिक समाचार पत्र है जो व्यापार, खेलकूद, राजनीतिक मामलों, भू–राजनीति और मनोरंजन क्षेत्रों से नवीनतम समाचारों पर बैच को अद्यतन रखने के लिए दुनिया भर की कुछ समसामयिकी को समेकित करता है।

11.2.6 रंग (सांस्कृतिक क्लब)

भा.प्र.सं., रायपुर का सांस्कृतिक क्लब रंग महाविद्यालय को वर्शभर जुनून और ऊर्जा से स्पंदित रखने का काम करता है। इसका उद्देश्य छात्रों के उत्साह को उठाना और उन्हें नर्तक, संगीतकार, अभिनेता, चित्रकार, लेखक, कवि, कलाकार और, सबसे बढ़कर, स्वप्नद्रश्टा बनने का मंच देकर दुनिया को अपनी प्रतिभा और क्षमता दिखाने के लिए प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम

- गणेश चतुर्थी (10, 11 सितंबर 2021): इस त्योहार में भगवान गणेश की नवआरंभ के देवता और बाधाओं को दूर करने वाले देवता के रूप में उपासना की जाती है। टीम रंग ने भा.प्रं सं. रायपुर में लोगों के लिए एक पूजा का आयोजन किया।
- रंगरात्रि (12, 16 अक्टूबर 2022): इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवरात्रि उत्सव मनाना था, जिसमें लोग नवरात्रि के 9 दिनों की जीवंत ऊर्जा का उत्सव मनाने के लिए एक साथ आते हैं। इसको संगीत, नृत्य और परमानंद से भरी गरबा रात्रि के रूप में मनाया गया।

- दुर्गा पूजा (16 अक्टूबर 2021): दुर्गा पूजा, जिसको दुर्गोत्सव या शारदोत्सव के रूप में भी जाना जाता है, भारतीय उपमहाद्वीप में उद्भव वाला एक वार्षिक हिंदू त्योहार है, जिसमें हिंदू देवी दुर्गा के प्रति श्रद्धा अर्पित की जाती है और उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है और टीम रंग ने महिषासुर पर दुर्गा की विजय का उत्सव मनाया।
- श... फिर कोई है – हैलोवीन नाइट (28 अक्टूबर 2021): यह टीम रंग द्वारा आयोजित एक वर्चुअल हैलोवीन नाइट थी, जिसमें छात्रों ने यथासंभव डरावनी पोशाक पहनने की कोशिश की और एक–दूसरे के साथ कुछ दिल दहला देने वाली वास्तविक जीवन की कहानियां साझा कीं, और इसके तहत विभिन्न पहेलियों से युक्त एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया था।
- दिवानाइट (4–5 नवंबर 2021): प्रकाश का त्योहार दिवाली भारत के सर्वाधिक प्रसिद्ध त्योहारों में से एक है। टीम ने एक वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें संकाय सदस्यों ने मधुर गीत गाए, जिसके बाद टीम के विभिन्न प्रमुख सदस्यों और विशेष अतिथि गायक– सौरव हजारिका ने सुंदर कार्यक्रम पेश किया। दियों, आकाश लालटेन और प्रार्थनाओं के साथ परिसर में भी उत्सव मनाया गया।
- क्रिसमस (25 दिसंबर 2022): ईसाई 25 दिसंबर को यीशु का जन्मदिन मनाते हैं। यह यीशु के जन्म से पहले उत्पीड़ित लोगों के लिए आशा का दिन है। टीम रंग ने आनंद और उत्सव की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए बैच के लिए ईसाई भजन संगीत और केक काटने के साथ एक कार्यक्रम का आयोजन किया।
- सेक्शन वार्स (26–29 दिसंबर 2021): भा.प्र.सं. रायपुर में, एकजुटता और खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न शैक्षणिक वर्गों के बीच युद्ध आयोजित किया गया। तीन दिनों के दौरान, रंग और खूलकूद क्लब ने ऑनलाइन और परिसर में कई तरह के कियाकलापों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।
- कागजी नृत्य, गायन और नृत्य प्रतियोगिताओं ने सांस्कृतिक सहगण बनाया। विषय–आधारित सांस्कृतिक रात्रियों में ट्रेजर हंट, एक्वा कनेक्ट, दीवार पर चित्रकारी और फैशन शो जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं।

- नववर्ष (31 दिसंबर 2021): नववर्ष वह समय या दिन होता है जब एक नया कैलेंडर वर्ष शुरू होता है और कैलेंडर वर्ष की गणना एक से बढ़ जाती है। टीम रंग ने बैच के लिए एक नृत्य संध्या का आयोजन किया, जिसके बाद केक काटा गया।
- लोहड़ी (18 जनवरी 2022): टीम रंग द्वारा लोहड़ी उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने एक साथ आकर अलाव में भाग लिया।
- कर्मांता (25–27 फरवरी 2022): भा.प्र.सं. रायपुर का वार्षिक प्रबंधन उत्सव कर्मांता 2022 टीम रंग द्वारा आयोजित कुछ महान और रोमांचक प्रतियोगिताओं का साक्षी बना:
  - अल्फाज: एक कविता प्रतियोगिता थी जिसमें कई महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रविष्टियां भेजीं और उनका हमारे जजों द्वारा विभिन्न मानदंडों के आधार पर मूल्यांकन किया गया।
  - किरदार: एक एकालाप प्रतियोगिता थी जिसमें कई महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रविष्टियां भेजीं और हमारे जजों द्वारा विभिन्न मानदंडों के आधार पर उनका मूल्यांकन किया गया।
  - थिरक: एक एकल नृत्य प्रतियोगिता थी जिसमें कई महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रविष्टियां भेजीं और हमारे जजों द्वारा विभिन्न मानदंडों के आधार पर उनका मूल्यांकन किया गया।
  - सुर संग्राम: एक एकल गायन प्रतियोगिता थी जिसमें कई महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रविष्टियां भेजीं और उनका हमारे जजों द्वारा विभिन्न मानदंडों के आधार पर मूल्यांकन किया गया।



- कलीडो: कलीडो (7–9 मार्च 2022): कलीडो 2020 सदनों का युद्ध था जिसमें पूरे 2020–21 और 2021–23 के बैच को 4 सदनों में बांटा गया था। प्रतियोगिताओं में संगीत, नृत्य, फैशन, रचनात्मक कला, खेलकूद आदि शामिल था। सदनों ने विजेता के खिताब के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा की।
  - लहजा: एक एकल कविता प्रतियोगिता थी जिसमें कई महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रविष्टियां भेजीं और हमारे जजों द्वारा विभिन्न मानदंडों के आधार पर उनका मूल्यांकन किया गया।
  - रचना: एक एकल स्केचिंग प्रतियोगिता थी जिसमें कई महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रविष्टियां भेजीं और उनका हमारे जजों द्वारा विभिन्न मानदंडों के आधार पर मूल्यांकन किया गया।
  - पश्मीना: एक एकल फैशन प्रतियोगिता थी जिसमें कई महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रविष्टियां भेजीं और हमारे जजों द्वारा विभिन्न मानदंडों के आधार पर उनका मूल्यांकन किया गया।
  - रंगमंच: एक समूह नाटक प्रतियोगिता थी जिसमें कई महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रविष्टियां भेजीं और उनका हमारे जजों द्वारा विभिन्न मानदंडों के आधार पर मूल्यांकन किया गया।
  - नटराज: एक एकल नृत्य प्रतियोगिता थी जिसमें कई महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रविष्टियां भेजीं और हमारे जजों द्वारा विभिन्न मानदंडों के आधार पर उनका मूल्यांकन किया गया।
  - आलाप: एक एकल गायन प्रतियोगिता थी जिसमें 4 सदनों के प्रतिभागियों ने लाइव प्रदर्शन किया और उनका हमारे जजों द्वारा विभिन्न मानदंडों के आधार पर मूल्यांकन किया गया।
  - कथन: एक एकालाप प्रतियोगिता थी जिसमें 4 सदनों के प्रतिभागियों ने लाइव प्रदर्शन किया और हमारे जजों द्वारा विभिन्न मानदंडों के आधार पर उनका मूल्यांकन किया गया।

11.2.7 खेलकूद क्लब

कार्यक्रम

- सेक्शन वॉर्स (26 दिसंबर 2021): एक वार्षिक कार्यक्रम है जिसमें विभिन्न खेलों में 5 दिनों की अवधि में कई आयोजनों में सभी 4 वर्गों की भागीदारी शामिल थी। टूर्नामेंट का प्रारूप निराकरण प्रतियोगिताका था। प्रत्येक आयोजन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले वर्ग को 25 अंक दिए गए, और उपविजेता को 15 अंक दिए गए। टूर्नामेंट के अंत में, अधिकतम अंकों वाले वर्ग को ''सेक्शन वार्स'' का विजेता घोषित किया गया।
- बीजीएमआई (17 अक्टूबर 2021): यह बीजीएमआई—मोबाइल प्लेटफॉर्म पर खेला जाने वाला एक अंतर—महाविद्यालयी टूर्नामेंट था। प्रतिभागियों को 4 लोगों की टीमों के रूप में पंजीकरण कराना था। शीर्ष 3 को विजेता घोषित किया गया। यह टूर्नामेंट बीजीएमआई—मोबाइल प्लेटफॉर्म के बैटल रॉयल मोड में खेला गया था।
- स्पोर्टिफाई (26 फरवरी 2022): यह खेल के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित एक अंतर—महाविद्यालयी ऑनलाइन प्रश्नोत्तरीथा, जिसे35 प्रश्नों के साथ 30 मिनट के एकल चक्र में 2 की टीम के साथ डेयर टू कॉम्पिटिशन (डी2सी) प्लेटफॉर्म पर आयोजित कियागया था।
- पोक—एरेना (26 फरवरी 2022): च्वामतदवूणबसनइ प्लेटफॉर्म पर टेक्सास होल्डेम प्रारूप में खेला गया एक अंतर—महाविद्यालयी पोकर टूर्नामेंट था। शीर्ष 3 खिलाड़ियों को विजेता घोषित किया गया।
- शतरंज चौंपियनशिप (27 फरवरी 2022): यह एक अंतः महाविद्यालय शतरंज टूर्नामेंट था। यह 8 पूलों का एक लीग टूर्नामेंट था, जिसमें प्रत्येक पूल में 8—10 लोग थे। यह 7 चक्र का स्विस टूर्नामेंट था और प्रत्येक चक्र 4 मिनट का था। प्रत्येक पूल से अंर्हता प्राप्त करने वाला 1 व्यक्ति था और 2 वाइल्डकार्ड प्रविष्टियां थीं, जो अगला उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी से दूसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी थे। अंतिम मुकाबला भी 9 चक्र का स्विस टूर्नामेंट था, जिसमें प्रत्येक चक्र 4 मिनट लंबा था। अंतिम पायदान पर पहुंचने वाले 10 में से शीर्ष 3 को विजेता घोषित किया गया।
- 8 बॉल पूल (26 फरवरी 2022): यह 8 बॉल पूल—मोबाइल प्लेटफॉर्म पर खेला गया अंतर—महाविद्यालयी टूर्नामेंट था। प्रतिभागियों को व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण कराना था। यह टूर्नामेंट निराकरण प्रतियोगिता प्रारूप में खेला गया था।
- प्रकर्श (19 सितंबर 2022): एक नीलामी—आधारित—बिल्डिंग टूर्नामेंट प्रारूप था जिसमें नीलामी की गई टीमों ने समग्र विजेता खिताब जीतने के लिए विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धा की।

11.3 शैक्षणिक वर्ष 21–22 के लिए छात्र मामलों की समिति के कार्यक्रम

11.3.1 हिंदी दिवस

प्रति वर्श 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिंदी दिवस हमें हिंदी भाषा का उत्सव मनाने और अपनी संस्कृति और अपने देश में इसका महत्व समझने में हमारी सहायता करता है। वित्त वर्श 21–22 के दौरान, भा.प्र.सं. रायपुर ने भा.प्र. सं. रायपुर के सभी छात्रों के लिए 2 प्रतियोगिताओं, यथा, ''काव्यांजलि'' –जो एक हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता थी, और ''अशुभाष प्रतियोगिता'' –जो एक हिंदी आशुरचना प्रतियोगिता थी, का आयोजन कर हिंदी दिवस मनाया। शीर्ष 3 प्रदर्शन करने वाले छात्रों को रू. 2000 की कुल पुरस्कार राशि के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महामारी के कारण, यह कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किया गया था।

11.3.2 एक भारत श्रेष्ठ भारत उत्सव

भा.प्र.सं. रायपुर में छात्रों के बीच एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को बढ़ावा देने के लिए एसएसी ने हमारे देश की समृद्ध संस्कृति और विविधता के ज्ञान और समझ का विस्तार करने के लिए पर्यटन स्थलों का अन्वेषण कराने के लिए रिपोर्ट तैयार करने की प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतिभागियों को किसी भी सूचीबद्ध गंतव्य पर 3–पृष्ठ की रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी जिसमें उसका इतिहास, वैज्ञानिक योगदान, परंपराएं, सांस्कृतिक महत्व आदि शाामिल था। अंत में, सर्वश्रेष्ठ तीन रिपोर्टों को रू. 700, रू. 500 और रू. 300 के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

11.3.3 साइबर जागृति दिवस समारोह

साइबर जागृति दिवस एक सरकारी पहल है जिसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू), पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई), विश्वविद्यालयों, स्कूलों आदि के बीच साइबर सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के लिए आई4सी योजना के अंतर्गत लाया गया है। प्रो. सौर्या जोई डे ने साइबर जागृति दिवस के अवसर पर 200 से अधिक छात्रों को संबोधित किया और छात्रों को निम्नलिखित बिंदुओं के संबंध में ज्ञान प्रदान किया:

1) साइबर अपराध और सुरक्षा
2) दैनिक जीवन में साइबर स्वच्छता की अवधारणा और उपयोग
3) सामाजिक नेटवर्क और पहचान चोरी का परिचय
4) इलेक्ट्रॉनिक भुगतान और उसमें सुरक्षा
5) बिजनेस ईमेल समझौता (बीईसी) के संबंध में जागरूकता

11.3.4 कर्मांता 2022





डिसिफर द एनिग्मा विषय के साथ, भा.प्र.सं. रायपुर का प्रमुख वार्षिक प्रबंधन और सांस्कृतिक उत्सव कर्मांता 2022

25 फरवरी – 27 फरवरी तक आयोजित किया गया।यह उत्सव वर्ष का सबसे बड़े कार्यक्रम बनकर उभरने के उद्देश्य से शुरू हुआ जिसका उद्‌घाटन माननीय मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की उप महाप्रबंधक और क्षेत्रीय प्रमुख सुश्री कविता श्रीवास्तव, भा.प्र.सं. रायपुर के निदेशक प्रो. भरत भास्कर और भा.प्र.सं. रायपुर की छात्र मामलों की समिति के अध्यक्ष प्रो. आर.के. जाना ने किया।

इस मेगा कार्यक्रम में 30 से अधिक व्यवसाय, खेल और मौज–मस्ती से भरे सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया, जिसमें विपणन में प्रबंधन सम्मेलन भी शामिल था, जिसमें उद्योग जगत के दिग्गजों और प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने छात्रों को अपने अनुभव और ज्ञान भंडार से समृद्ध किया।

इन कार्यक्रमों में विपणन क्लब मंत्रा की केस फाइलें, परामर्श एवं उद्यमिता क्लबसीईसी द्वारा पिच परफेक्ट, परिचालन क्लब ओपीईपीद्वारा ऑप्स–कॉगिटेट, एचआर क्लबएचआरिधान द्वारा केसकैडिया,, प्रश्नोत्तरी क्लब द्वारा इग्नाइट, पर्यावरण क्लबप्रकृति द्वारा रिसाइक्लोमेनिया, विश्लेषिकी और प्रणालियां क्लब एनासिस द्वारा साइफर, वित्त क्लब इन्वेस्टेट द्वारा फिनेटिक्स, सार्वजनिक भाषण क्लब प्रोवक्ता द्वारा क्रॉनिकल्स, सीएसआर क्लबकर्तव्य द्वारा काव्यांजलि,, डिजिटल मीडिया क्लबपिक्सल द्वारा दृश्यम, खेलकूद क्लब द्वारा पीओके –एरिना, सांस्कृतिक क्लब रंग द्वारा अल्फाज आदि शाामिल था।

प्रबंधन सम्मेलन में श्री विजय मिश्रा, अध्यक्ष (एच एंड आर जॉनसन, भारत), श्री पारेख जैन (सीईओ, ईआईआईआर), श्री चेतन चिचरा (निदेशक, ग्रांट थॉर्नटन भारत एलएलपी), आइसर्टिस के सलाहकारश्री हर्ष पमनानी, सुश्री शुभी जैन (संस्थापक–मातीवाला) और सुश्री अनुषा चंद्रशेखर (सीईओ और सह–संस्थापक, बेरीलश) और श्री आलोक पॉल (सीओओ और सह–संस्थापक, बेरीलश)द्वारा पैनल चर्चा शामिल थी।

यह 3 दिवसीय असाधारण कार्यक्रम गायक सुजून और स्टैंडअप कॉमेडियन करुणेश तलवार के प्रदर्शन के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

11.3.5 सेक्शन वार्स

एकता और खेलकूद की भावना को बढ़ावा देने के लिए भा.प्र.सं. रायपुर में विभिन्न शैक्षणिक वर्गों के बीच सेक्शन वार्स का आयोजन किया गया। रंग और खेलकूद क्लब द्वारा 26/12/22 से 30/12/22 तक पांच दिनों तक वर्चुअल और परिसर दोनों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।विभिन्न कार्यक्रमों के साथ दिनोंको उचित रूप से बांटा गया था जिसमें क्रिकेट, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और प्रमुख खेल, नुक्कड़नाटक, फीफा, कैरम, बैडमिंटन, और टेबल टेनिस शामिल थे, और सांस्कृतिक रात्रियों में नृत्य, गायन, फैशन शो, दीवार की सजावट आदि जैसे मजेदार कार्यक्रम शामिल थे।

अधिकांश छात्रों के लिए सेक्शन वार्स डील–ब्रेकर था, जिसमें उन्हें अपने वर्ग को जिताने के लिए लड़ते हुए एक दूसरे के साथ अंतरक्रिया करने का अवसर मिला। इन आयोजनों में खेलकूद और सांस्कृतिक दोनों कार्यक्रमों में निष्पक्ष लैंगिक भागीदारी देखी गई। खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संचयी बिंदुओं की गणना कर एक वर्ग विजेता के रूप में उभरा। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में दोनों बैचों की भारी भागीदारी देखी गई। अंत में, वर्ग बी को सेक्शन वार्स के लिए विजेता पुरस्कारं से सम्मानित किया गया।

11.3.6 गणतंत्र दिवस 2022

भा.प्र.सं. रायपुर ने अपने परिसर में बड़े उत्साह के साथ भारत का 73वां गणतंत्र दिवस मनाया। इस दिन की कार्यवाही औपचारिक रूप से भा.प्र.सं. रायपुर के निदेशक प्रो भरत भास्कर द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के निरीक्षण के साथ शुरू हुई। निरक्षण के बाद ध्वजारोहण किया गया।

प्रो. भरत भास्कर ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी और संबोधित किया। उन्हें भारतीय होने पर गर्व व्यक्त किया। हमारे जैसे जीवंत और विविधतापूर्ण देश, जिसमें कई परंपराएं हैं, को एक साथ जोड़ने के लिए हमें लिखित रूप में एक निश्चित दस्तावेज की आवश्यकता थी। इस देश की बुनियाद के रूप में जिस लिखित दस्तावेज की पूजा की जाती है, वह 'भारत का संविधान' है। हमारा संविधान विश्व के सर्वश्रेष्ठ लोकतांत्रिक देशों का अध्ययन कर और सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाकर बनाया गया था।

प्रो. भास्कर ने आगे सभी को एक संपन्न, समृद्ध राष्ट्र बनाने में योगदान देने के लिए 'आत्मनिर्भरता' के मार्ग का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रत्येक भारतीय से देश की उपलब्धियों पर गर्व करने का आग्रह किया। हमें अंतरिक्ष, विज्ञान, परमाणु ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा और हर दूसरे क्षेत्र में अपनी अपार प्रगति पर विचार करना चाहिए। भारत उन कुछ देशों में से एक है जिसने गंभीर महामारी का मुकाबला करने के लिए सफलतापूर्वक टीकों को विकसित किया। हमें राष्ट्र की सेवा करते हुएं अपने 'कर्म' पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। प्रो. भास्कर ने सभी के भीतर आत्म–निर्भरता को आत्मसात करने के महत्व पर बल दिया।

12 समग्र प्रशासन

निदेशकः प्रो. राम कुमार कांकाणी
डीन अकादमिकः प्रो. कमल के. जैन
मुख्य प्रशासनिक अधिकारीः कर्नल (डॉ.) हरीन्द्र त्रिपाठी (सेवानिवृत्त)

कार्य प्रमुख

अध्यक्ष पीजीपीः प्रो. सुमीत गुप्ता
अध्यक्ष डाक्टरल कार्यक्रमः प्रो. प्रद्युम्न दाश
अध्यक्ष पीजीपीएमडब्ल्यूईः प्रो. मोहित गोस्वामी
अध्यक्ष कार्यकारी शिक्षा और परामर्शः प्रो. संजीव पराशर
अध्यक्ष नियोजन और आईआरः प्रो. सत्यसिबा दास
अध्यक्ष प्रवेशः प्रो. एम. कन्नादासन
अध्यक्ष छात्र मामलेः प्रो. आर. के. जाना
अध्यक्ष अनुसंधानः प्रो. मनोजित चट्टोपाध्याय
अध्यक्ष पुस्तकालयः प्रो. पंकज सिंह
अध्यक्ष एंटी रैगिंगः प्रो. समर सिंह
अध्यक्ष यौन उत्पीड़न समितिः प्रो. अनुभा दाधीच

क्षेत्र अध्यक्ष

व्यापार नीति और सामरिक प्रबंधनः प्रो. प्रद्युम्न दाश
आईटी एवं प्रणालियांः प्रो. सौर्या जोई डे
वित्त और लेखाः प्रो. वैभव लालवानी
एचआरएम और संगठनात्मक व्यवहारः प्रो. दामिनी सैनी
विपणन प्रबंधनः प्रो. अरुणिमा शाह
परिचालन और मात्रात्मक विधियांः प्रो. आर.के. जाना

13 संकाय (अकादमिक कार्मिक)

13.1 संकाय

व्यापार नीति और रणनीति

अंकिता छाबड़ा
असिस्टेंट प्रोफेसर
एफपीएम– भा.प्र.सं. इंदौर

शांतनु भाद्रा
असिस्टेंट प्रोफेसर
पीएच.डी. –आईआईटी कलकत्ता

समर सिंह
एसोसिएट प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस
एफपीएम– भा.प्र.सं. अहमदाबाद

सत्यसिबा दास
एसोसिएट प्रोफेसर
पीएच.डी. – नॉर्वेजियन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, ट्रॉनहैम, नॉर्वे
पोस्ट डॉक्टरेट, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ आयरलैंड

आर्थिक वातावरण और सामान्य प्रबंधन

अर्चना पराशर
एसोसिएट प्रोफेसर पीएच.डी. – देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश

प्रद्युम्न दास
एसोसिएट प्रोफेसर
पीएच.डी. – आईआईटी मुम्बई

मृणाल पी. चावड़ा
असिस्टेंट प्रोफेसर पीएच.डी. – एक्सेटर विश्वविद्यालय
पोस्ट डॉक्टरेट – केप टाउन विश्वविद्यालय, दक्षिण अफ्रीका

रश्मि शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
एफपीएम– भा.प्र.सं. इंदौर

वित्त और लेखा

एम कन्नादासन
प्रोफेसर
पीएच.डी. – अन्ना विश्वविद्यालय चेन्नई

वैभव लालवानी
असिस्टेंट प्रोफेसर
एफपीएम– भा.प्र.सं. लखनऊ

नेमी राजा
असिस्टेंट प्रोफेसर
पीएच.डी. – आईबीएस–हैदराबाद

योगेश चौहान
असिस्टेंट प्रोफेसर
पीएच.डी. – आईबीएस हैदराबाद, आईसीएफएआई फॉर हायर एजूकेशन यूनिवर्सिटी

राजेश पाठक
असिस्टेंट प्रोफेसर
पीएच.डी. – आईबीएस–हैदराबाद, आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजूकेशन

एचआरएम और संगठनात्मक व्यवहार

अनुभा दाधीच
असिस्टेंट प्रोफेसर
पीएच.डी. – आईआईटी दिल्ली

दामिनी सैनी
असिस्टेंट प्रोफेसर
पीएच.डी. – एफएमएस, दिल्ली

कमल के जैन
विजिटिंग प्रोफेसर
पीएच.डी. – आगरा विश्वविद्यालय

पंकज सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर
पीएच.डी. – आईआईटी खड़गपुर

आईटी और प्रणालियां

भरत भास्कर
प्रोफेसर
पीएच.डी. – वर्जीनिया विश्वविद्यालय

मनोजित चट्टोपाध्याय
एसोसिएट प्रोफेसर
पीएच.डी. – कलकत्ता विश्वविद्यालय

सौर्या जोई डे
असिस्टेंट प्रोफेसर एफपीएम– भा.प्र.सं. कलकत्ता
पोस्ट डॉक्टरेट– आईएनआरआईए ल्योन एंड यूनिवर्सिटी डी ल्योन, फ्रांस

सुमीत गुप्ता
प्रोफेसर
पीएच.डी. – स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर

विपणन

अरुणिमा शाह
असिस्टेंट प्रोफेसर
पीएच.डी. – भा.प्र.सं. लखनऊ

धनंजय बापत
असिस्टेंट प्रोफेसर
पीएच.डी. – सरदार पटेल विश्वविद्यालय

हिमांशु एस श्रीवास्तव
असिस्टेंट प्रोफेसर
एफपीएम– भा.प्र.सं. इंदौर

जागरुक डावरा
एसोसिएट प्रोफेसर
पीएच.डी. – आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी
पोस्ट डॉक्टरेट – आईएसबी, हैदराबाद

संजीव पराशर
प्रोफेसर
पीएच.डी. – कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय

सुशांत कुमार
असिस्टेंट प्रोफेसर
पीएच.डी. – भा.प्र.सं. शिलॉग

विनीता सहाय (अवकाश पर)
प्रोफेसर
पीएच.डी. – सीएसजेएम विश्वविद्यालय, कानपुर

परिचालन और मात्रात्मक विधियां

गोपाल कुमार
असिस्टेंट प्रोफेसर
पीएच.डी. – आईआईटी खड़गपुर
पोस्ट डॉक्टरेट, डीसीयू, डबलिन

मोहित गोस्वामी
असिस्टेंट प्रोफेसर
पीएच.डी. – आईआईटी, खड़गपुर के औद्योगिक और प्रणाली इंजीनियरिंग विभाग से

परीक्षित चरण
एसोसिएट प्रोफेसर
पीएच.डी. – आईआईटी दिल्ली

आर के जाना
असिस्टेंट प्रोफेसर
पीएच.डी. – आईआईटी खड़गपुर
पोस्ट डॉक्टरेट – एनयूएस; पोस्ट डॉक्टरेट, जॉर्ज मेसन यूनिवर्सिटी, यूएसए

रामकुमार एम.
असिस्टेंट प्रोफेसर पीएच.डी. – आईआईटी खड़गपुर
पोस्ट डॉक्टरेट – स्विस फेडरल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (ईटीएच), ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड

शलभ सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर
एफपीएम– भा.प्र.सं. लखनऊ

13.2 अतिथि संकाय

- प्रो. आई. श्रीधर, भा.प्र.सं. इंदौर
- प्रो. विजय भास्कर मारियासेटी, हैदराबाद विश्वविद्यालय
- प्रो मंजरी सिंह, भा.प्र.सं. अहमदाबाद
- प्रोफेसर भाग्यलक्ष्मी वेंकटेश, अतिथि संकाय भा.प्र.सं. इंदौर, भा.प्र.सं. विशाखपट्णम
- डॉ. सुनील परमेश्वरन, तरील कंसल्टिंग सर्विसेज, बैंगलोर
- प्रो. संकर्षण बसु, भा.प्र.सं. बैंगलोर
- प्रो. राम मूंदड़ा, अतिथि संकाय, भा.प्र.सं. शिलांग
- डॉ. एस.आर. मुसन्ना, सहायक संकाय – भा.प्र.सं. लखनऊ, भा.प्र.सं. रांची, ग्रेट लेक्स, चेन्नई, आईएमटी गाजियाबाद
- प्रो. शिव कुमार एम., सह–संस्थापक और निदेशक, ऑजेंटिया एलएलसी
- प्रो. अतनु अधिकारी, भा.प्र.सं. कोझिकोड
- श्री अभिषेक परवल, सनदी लेखाकार
- डॉ. पल्लब साहा, द ओपन ग्रुप फाउंडेशन
- श्री विजय खादरबाद, प्रधान सलाहकार टीसीएस

13.3 अधिकारीगण

- कर्नल (डॉ.) हरीन्द्र त्रिपाठी (सेवानिवृत्त): मुख्य प्रशासनिक अधिकारी
- डॉ. चन्द्रकान्त स्वाइः पुस्तकालयाध्यक्ष
- श्री एच. के. देबताः वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी
- श्री प्रियांक मित्राः प्रणाली प्रबंधक
- श्री शाजी मथाईः प्रशासनिक अधिकारी (अकादमिक)

14 सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ

लोक सूचना अधिकारी
केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी

प्रियांक मित्रा
केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर

अ. 2021–22 के दौरान सीपीआईओ द्वारा प्राप्त किए गए/जवाब दिए गए आरटीआई आवेदन (1 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2022 तक ऑनलाइन और ऑफलाइन आरटीआई शामिल हैं)

प्राप्त आवेदनों की संख्या	जवाब दिए गए आवेदनों की संख्या	पूर्णतया जवाब नहीं दिए गए आरटीआई की संख्या के लिए कारण
185	185	10 (धारा 8(1)(ई) के तहत छूट के कारण आंशिक रूप से उत्तर दिया गया)

ब. 2020–21 के दौरान प्राप्त आरटीआई आवेदनों का सारांश
प्राप्त 185 आरटीआई आवेदनों में से 58 आवेदन एमएचआरडी और अन्य लोक प्राधिकरणों द्वारा अग्रेषित किए गए थे, जो प्रकृति में सामान्य थे और भा.प्र.सं. के विभिन्न विभागों से संबंधित थे।

आरटीआई आंकड़े – विभाग वार

विभाग वार	प्राप्त आवेदनों की संख्या
प्रवेश	85
शैक्षणिक	7
छात्रों का नियोजन	2
प्रशासन और लेखा	59
विविध (एक से अधिक विभागों से संबंधित)	32
कुल	**185**



प्रथम अपील – आरटीआई
प्रथम अपीलीय प्राधिकारी

कर्नल (डॉ.) हरीन्द्र त्रिपाठी (सेवानिवृत्त)
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी
भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर

अ. आरटीआई अधिनियम के तहत पहली अपील, 2021–22 के दौरान प्रथम अपीलीय प्राधिकारी द्वारा प्राप्त किए गए/जवाब दिए गए

çkIr vkonuk dh la[;k	vkonuk dh la[;k ftudk tokc fn;k x;k
9	9

ब. विभागवार सारांश

विभाग वार	प्राप्त अपीलों की संख्या
प्रवेश	3
शैक्षणिक	1
प्रशासन और लेखा	4
अन्य	1
कुल	**9**



15 निदेशक की रिपोर्ट (भा.प्र.सं. अधिनियम की धारा 26 के अनुसार)

1.
(ए) संस्थान के मामलों की स्थिति;
इस वार्षिक रिपोर्ट के खंड 4 से 9 में संस्थान के मामलों का वर्णन किया गया है।

(बी) राशि, यदि कोई है, जिसे यह अपनी तुलन पत्र में किसी भी अधिशेष भंडार में ले जाने का प्रस्ताव करता है;
वित्तीय वर्ष 2021–22 के अंत में संस्थान द्वारा अधिशेष निधि (सामान्य निधि) से समग्र निधि में रु. 9,73,40,422.00 अंतरित किया गया था। अंतरण पूरा होने पर 31 मार्च 2022 तक अधिशेष/सामान्य निधि में उपलब्ध शेष राशि रु 57,61,49,104.07 थी।

(सी) लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में व्यय पर आय के किसी भी अधिशेष या आय पर व्यय की किसी भी कमी की न्यूनोक्ति या अत्युक्ति को किस सीमा तक दर्शाया गया है और इस तरह की न्यूनोक्ति या अत्युक्ति के कारण।
31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में व्यय पर आय के किसी भी अधिशेष या आय पर व्यय की किसी भी कमी की न्यूनोक्ति या अत्युक्ति को दर्शाया गया है।

(डी) संस्थान द्वारा शुरू की गई अनुसंधान परियोजनाओं की उत्पादकता जिनका बोर्ड द्वारा यथा निर्दिष्ट मानदंडों के अनुसार मापन किया जा सकता है;
वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान संस्थान द्वारा कोई शोध परियोजना आरंभ नहीं की गई।

(ई) संस्थान के अधिकारियों और संकाय सदस्यों की नियुक्तियां;
वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान निम्नलिखित अधिकारियों और संकाय सदस्यों को संस्थान में नियुक्त किया गया:

क्रमांक	पूरा नाम	पदनाम	नियुक्ति की तिथि
1	डॉ. राम कुमार कांकाणी	निदेशक	8 मार्च 2022
2	डॉ भावना प्रिया	सहायक प्रोफेसर	14 मार्च 2022

(एफ) शिक्षण, अनुसंधान और ज्ञान अनुप्रयोग में नवाचारों की प्रकृति सहित संस्थान द्वारा निर्धारित प्रदर्शन संकेतक और आंतरिक मानक।
इस वार्षिक रिपोर्ट के खंड 5 में विवरण दिया गया है।

2. वित्तीय वर्ष के दौरान उच्चतम पारिश्रमिक (ऐसे कर्मचारियों को दिए गए भत्तों और किए गए अन्य भुगतानों सहित) प्राप्त करने वाले संस्थान के संकाय सदस्यों और अन्य कर्मचारियों सहित पांच अधिकारियों के नाम और वित्तीय वर्ष के दौरान ऐसे कर्मचारी द्वारा दिया गया योगदान।
संस्थान के निदेशक सहित निम्नलिखित पांच संकाय सदस्यों ने वित्तीय वर्ष के दौरान उच्चतम पारिश्रमिक (भत्तों और अन्य भुगतान सहित) प्राप्त किया और वित्तीय वर्ष के दौरान ऐसे कर्मचारियों द्वारा किए गए योगदान को नीचे सारणीबद्ध किया गया है: –

क्रमांक	कर्मचारी का नाम	पदनाम	ऐसे कर्मचारी द्वारा किया गया अंशदान
1	डॉ. भरत भास्कर	पूर्व निदेशक	अनुसंधान, परामर्श और एमडीपी में संकाय अभिप्रेरणा
2	डॉ. सुमीत गुप्ता	प्रोफेसर	शिक्षण, अनुसंधान, परामर्श और और एमडीपी
3	डॉ. संजीव पराशर	प्रोफेसर	शिक्षण, अनुसंधान, परामर्श और और एमडीपी
4	डॉ. गोपाल कुमार	सहायक प्रोफेसर	शिक्षण, अनुसंधान, परामर्श और और एमडीपी
5	डॉ. एम कन्नादासन	प्रोफेसर	अनुसंधान, परामर्श और और एमडीपी

3. उप–खंड (2) में निर्दिष्ट विवरण में यह दर्शाया जाएगा कि क्या ऐसा कोई कर्मचारी संस्थान के बोर्ड या अकादमिक परिषद के किसी सदस्य का संबंधी है या नहीं और यदि हां, तो ऐसे सदस्य का नाम; और ऐसे अन्य विवरण जैसा कि बोर्ड द्वारा निर्धारित किए जा सकते हैं।

उप खंड (2) में वर्णित कोई भी कर्मचारी संस्थान के बोर्ड या अकादमिक परिषद के किसी भी सदस्य का संबंधी नहीं है।

4.लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में निहित प्रत्येक टिप्पणी, शर्त या प्रतिकूल टिप्पणी पर उप–खंड (1) में संदर्भित रिपोर्ट में सूचना और स्पष्टीकरण।

सीएजी की टिप्पणियों का इस वार्षिक रिपोर्ट के खंड 17 में लेखापरीक्षा रिपोर्ट के रूप में वर्णन किया गया है।

16 सहायता अनुदान और सामाग्री निधि–

सहायता अनुदान–

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान, संस्थान को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय (एमएचआरडी) से निम्नलिखित सहायता अनुदान मिला था।

कमांक	विवरण	वित्तीय वर्ष 2021–22 (रू. लाख में)
1	योजना अनुदान – क. आवर्ती व्यय – अ. वेतन और मजदूरी के अलावा अन्य ब. मजदूरी व वेतन ख. गैर–आवर्ती व्यय	 0.00 0.00 0.00
2	ओएससी अनुदान	0.00
3	गैर–योजना अनुदान	0.00
	कुल सहायता अनुदान	0.00

सामाग्री निधि –

संस्थान ने वित्तीय वर्ष 2021–22 में मुख्य रूप से एमडीपी, ई–शिक्षा, परमर्श सेवा और ब्याज आय से शुद्ध आय के प्रति रू. 21,00,33,484.34 का लेखा–जोखा दिया है। 31 मार्च 2022 तक समग्र निधि के भाग के रूप में कुल राशि रू. 92,64,49,331.00 थी (अतिरिक्त छात्रावास/अकादमिक भवन समूह आदि के निर्माण के प्रति निर्धारित रू. 61,05,37,333.38 की राशि को छोड़कर)।

17 लेखापरीक्षा प्रतिवेदन

लेखापरीक्षा महानिदेशक का कार्यालय (केंद्रीय रसीद)
नई दिल्ली, शाखा–ग्वालियर

क्रमांक एएमजी– II /एसएआर–09/आई आई एम आर /2021–22/डी –233 Date 09-11-2022

प्रति,
निदेशक,
भारतीय प्रबंध संस्थान (भा . प्र . सं .)
जी . ई. सी . कैंपस , सेजबहार,
रायपुर – 492015

विषय : भारतीय प्रबंध संस्थान (भा . प्र . सं .), रायपुर के वर्ष 2021 –22 के वार्षिक लेखाओं पर पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

महोदय,

कृपया संलग्न वर्ष 2021–22 के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान, रायपुर के खातों पर पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन देखें । आपसे अनुरोध है कि संसद के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले कृपया सुनिश्चित करें कि लेखापरीक्षा प्रतिवेदन और लेखापरीक्षित खातों को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा अपनाया गया है।

2. उपरोक्त रिपोर्ट को संसद के दोनों सदनों के समक्ष रखे जाने की तारीखों की सूचना दी जाए और मुद्रित सामग्री की दो प्रतियां इस कार्यालय को सूचनार्थ उपलब्ध कराई जाएं।

3. कृपया यह ध्यान दिया जाए कि प्रबंधन पत्र को संसद के समक्ष नहीं रखा जाना है।

4. कृपया प्राप्ति स्वीकार करें।

संलग्नः

1. पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन एवं अनुलग्न।
2. प्रबंधन पत्र

भवदीय
उप निदेशक (केंद्र)

भारतीय प्रबंध संस्थान, रायपुर के 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लेखा खातों की भारतीय नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट।

हमने भारतीय प्रबंध संस्थान अधिनियम, 2017 की धारा 23 (3) के साथ पढ़े जाने वाले नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कर्तव्य, शक्तियाँ और सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 19(2) के तहत भारतीय प्रबंध संस्थान (भा.प्र.सं.), रायपुर की 31 मार्च 2022 के संलग्न तुलन–पत्र, आय और व्यय खाता और उस तिथि को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्राप्ति और भुगतान खाते का लेखा परीक्षण किया है। वित्तीय विवरण भा.प्र.सं. के प्रबंधन की जिम्मेदारी है। हमारी जिम्मेदारी हमारे लेखा परीक्षण के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर एक राय व्यक्त करना है।

2. इस पृथक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन में वर्गीकरण, सर्वोत्तम लेखा प्रथाओं के अनुपालन, लेखांकन मानकों और प्रकटीकरण मानदंडों आदि के संबंध में लेखांकन के तरीकों पर ही भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की टिप्पणियां शामिल हैं। कानून, नियम और विनियमन (औचित्य और नियमितता) के साथ अनुपालन के संबंध में वित्तीय लेन–देन और दक्षता–सह–प्रदर्शन पहलुओं आदि पर लेखा परीक्षा टिप्पणियों को, यदि कोई हो तो, निरीक्षण प्रतिवेदन / सीएजी के लेखा परीक्षा प्रतिवेदन में अलग से सूचित किया गया है।

3. हमने अपने लेखा परीक्षण का आयोजन आम तौर पर भारत में स्वीकृत लेखा परीक्षा के मानकों के अनुसार किया है। इन मानकों की आवश्यकता है कि हम लेखा परीक्षा की योजना एवं आयोजन यह सुनिश्चित करने के लिए करें कि दिया गया वित्तीय विवरण महत्वपूर्ण गलत बयानी से मुक्त है। एक लेखा परीक्षा में, एक परीक्षण के आधार पर, राशि समर्थन साक्ष्यों की जांच, और वित्तीय विवरण की जानकारी शामिल होती है। एक लेखा परीक्षा में प्रबंधन द्वारा प्रयुक्त लेखांकन सिद्धांतों और महत्वपूर्ण अनुमानों का आकलन, साथ ही वित्तीय विवरण की समग्र प्रस्तुति का मूल्यांकन भी शामिल होता है। हमें विश्वास है कि हमारी लेखा परीक्षा हमारी राय के लिए एक उचित आधार प्रदान करती है।

4. अपनी लेखा परीक्षा के आधार पर हम यह प्रतिवेदन करते हैं, किः

(क) हमने वह समस्त जानकारी और स्पष्टीकरण प्राप्त किया है जो हमारे ज्ञान और विश्वास के अनुसार हमारे लेखा परीक्षा के प्रयोजन के लिए आवश्यक था।

(ख) इस प्रतिवेदन के लिए प्रयुक्त तुलन–पत्र, आय और व्यय खाता और प्राप्ती और भुगतान खाता मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार के आदेश संख्या 29–4/2012–आईएफडी दिनांकित 17 अप्रेल 2015 द्वारा अनुमोदित प्रारूप में तैयार किए गए हैं।

(ग) हमारी राय में, जहां तक यह ऐसी पुस्तकों की हमारी जांच से प्रकट होता है, भा.प्र.सं., रायपुर द्वारा उचित लेखा पुस्तिकाओं और अन्य प्रासंगिक अभिलेखों को तैयार किया गया है।

(घ) हम यह भी सूचित करते हैं किः

अ. प्रबंधन प्त्र
अंकेक्षण प्रतिवेदन में जिन जानकारियों को समाविष्ट नहीं किया गया है उसकी जानकारी निदेशक, भाप्रसं–को, अलग से प्रबंधन हेतु पत्र द्वारा दी गयी है जिसके अनुसार वो उपचारात्मक/ सुधार हेतु कार्यवाही करें।

ब. सहायता अनुदान
वर्ष 2021–2022 के दौरान कोई सहायता अनुदान प्राप्त नहीं हुआ था और 31.03.2022 तक पूर्ववर्ती वर्ष के अनुदान–सहायता की कोई भी अव्ययित राशि शेष नहीं थी।

5. पहले पैराग्राफ में हमारी टिप्पणियों के अधीन, हम यह उल्लेख करते हैं कि इस प्रतिवेदन में प्रयुक्त तुलन–पत्र, आय और व्यय खाता और प्राप्ति और भुगतान खाते लेखांकन पुस्तकों के अनुसार ही हैं।

6. हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी में और हमें दिए गए विवरण के अनुसार, लेखांकन नीतियों और लेखा टिप्पणियों के साथ और ऊपर दिए गए महत्वपूर्ण मामलों और इस लेखा परीक्षा प्रतिवेदन के अनुच्छेद में उल्लेखित अन्य मामलों के अधीन पढ़ा जाने वाला उपरोक्त वित्तीय विवरण भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप एक सच्चा और निष्पक्ष अवलोकन प्रस्तुत करता है:

(क) जहाँ तक यह 31 मार्च 2022 को भारतीय प्रबंध संस्थान, रायपुर के मामलों के तुलन–पत्र से संबंधित है;

और

(ख) जहाँ तक यह उस तारीख को समाप्त हुए वर्ष के लिए अधिशेष के आय और व्यय खातों से संबंधित है।

वास्ते एवं कृते भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

स्थान : – नई दिल्ली
दिनाँक :

लेखा परीक्षा महानिदेशक
(केन्द्रीय प्राप्तियाँ)

अनुलग्नक

1. **आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली की पर्याप्तताः—**
   वर्ष के दौरान भा.प्र.सं., रायपुर की आंतरिक लेखा परीक्षा सनदी लेखाकार प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित की गई है।

2. **आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तताः**
   आंतरिक नियंत्रण प्रणाली निम्न कारणों से अपर्याप्त पाई गईः
   (क) निरीक्षण रिपोर्ट (11/2020 से 11/2021) के माध्यम से रिपोर्ट किए गए अनुपालन ऑडिट के 13 पैरा अभी भी लंबित थे।
   (ख) आंतरिक लेखापरीक्षा के 10 पैरा अभी भी लंबित थे।
   (ग) संस्थान का अपना कोई लेखा नियमावली नहीं है।
   (घ) संस्थान विभिन्न प्रकार के रजिस्टरों जैसे व्यय रजिस्टर, अग्रिम रजिस्टर, एलटीसी बिल रजिस्टर, चिकित्सा दावा व्यय रजिस्टर, राजस्व वापसी रजिस्टर का रखरखाव नहीं करता है। हालांकि टैली ईआरपी में इसकी निगरानी की जा रही है।

3. **अचल संपत्तियों के भौतिक सत्यापन की प्रणालीः**
   वित्तीय वर्ष 2021—22 के लिए अचल संपत्तियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

4. **वस्तुसूची के भौतिक सत्यापन की प्रणालीः**
   वर्ष 2021—22 के दौरान वस्तु सूचियों का भौतिक सत्यापन किया गया है।

5. **वैधानिक बकाया राशि के भुगतान में नियमितताः**
   वैधानिक बकाया राशि के भुगतान में कोई अनियमितता नहीं पाई गई है।

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी / एएमजी—II

18. तुलन–पत्र

भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर

तुलन–पत्र 31 मार्च 2022 तक

(राशि रुपये में)

निधियों के स्त्रोत	अनुसूची	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
कायिक / पूंजी निधि / सामान्य निधि	1	4,57,65,95,460.16	4,43,45,64,270.82
निर्दिष्ट / निर्धारित / अक्षय निधि	2	61,05,37,333.38	51,65,69,497.00
मौजूदा देनदारियां और प्रावधान	3	11,15,47,558.87	11,11,22,040.30
कुल		5,29,86,80,352.41	5,06,22,55,808.12

निधियों के उपयोग	अनुसूची	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
अचल संपत्तियां			
– मूर्त संपत्तियां	4	3,07,39,97,025.09	3,17,58,94,797.22
– अमूर्त संपत्तियां	4	-	-
– जारी पूंजीगत कार्य	4	-	-
निर्धारित / अक्षय निधि से निवेश			
– दीर्घावधिक	5	-	-
– अल्पावधिक		-	-
अन्य निवेश	6	1,61,40,00,000.00	46,40,00,000.00
चालू संपत्तियां	7	50,73,10,806.86	1,32,85,21,490.59
ऋण, अग्रिम और जमा	8	10,33,72,520.46	9,38,39,520.31
कुल		5,29,86,80,352.41	5,06,22,55,808.12
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ	23		
आकस्मिक देनदारियाँ और लेखांकन टिप्पणियां	24		

भारतीय प्रबंध संस्थान, रायपुर के लिए एवं उनकी ओर से

प्रो. राम कुमार कांकाणी (निदेशक)	कर्नल डॉ. हरिन्द्र त्रिपाठी (सी ए ओ)	हेमन्त कुमार देबाता (एफए एंड सीए ओ)

स्थान :रायपुर
दिनांक :03/06/2022

भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर

आय और व्यय खाता 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वर्ष के लिए

(राशि रुपये में)

विवरण	अनुसूची	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
आय			
शैक्षणिक प्राप्तियां	9	57,91,61,069.82	46,32,94,046.16
अनुदान / सब्सिडी	10	-	-
निवेश से आय	11	5,72,06,506.22	2,55,47,685.00
अर्जित ब्याज	12	30,67,438.95	5,10,96,181.61
अन्य आय	13	97,74,510.16	1,20,73,731.84
पूर्व अवधि आय	14	1,00,154.00	-
कुल (क)		64,93,09,679.15	55,20,11,644.61

विवरण	अनुसूची	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
व्यय			
स्टाफ वेतन एवं भत्ते (स्थापना व्यय)	15	13,15,62,475.53	11,25,31,480.83
शैक्षणिक व्यय	16	12,05,73,893.00	7,64,11,248.66
प्रशासनिक और सामान्य व्यय	17	6,75,61,340.60	6,21,32,885.84
परिवहन व्यय	18	5,87,166.44	11,85,320.73
मरम्मत एवं रखरखाव	19	92,13,442.57	1,59,62,797.96
वित्त लागत	20	79,693.66	99,101.22
मूल्यह्रास	4	10,90,11,885.00	10,87,08,126.00
अन्य व्यय	21	2,62,141.01	6,000.00
पूर्व अवधि व्यय	22	4,24,157.00	2,41,870.00
कुल (ख)		43,92,76,194.81	37,72,78,831.24
व्यय से अधिक आय की शेष राशि (क–ख=ग)		21,00,33,484.34	17,47,32,813.37
